# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)











## संस्थान में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू

कैथल । राजकीय बहुतकनीकी संस्थान शेरगढ़ में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। 30 जुलाई से शुरू हुआ यह कार्यक्रम 4 अगस्त तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन एप्लाइड साइंस विभागाध्यक्ष सत्यवान ढाका के निर्देशन में किया जा रहा है। संस्थान के मीडिया इंचार्ज सोहन शर्मा ने बताया कि ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को कॉलेज के वातावरण में सहज बनाना और उन्हें संस्थान की व्यवस्थाओं से परिचित कराना है।



दैनिक सवेरा

## फस्ट ईयर के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू

अपना वक्तव्य देते हुए वक्ता।

सवेरा न्यूज/प्रदीप हरित कैथल : राजकीय बहुतकनीकी संस्थान शेरगढ़ में विभिन्न डिप्लोमा कोर्सेस के फस्ट ईयर स्टूडेंट्स के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम 30 जुलाई से 4 अगस्त तक चलेगा। कार्यक्रम विभाग अध्यक्ष एप्लाइड साइंस सत्यवान ढाका के निर्देशन में आयोजित हो रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज में चल रहीं प्रैक्टेसेस और नियम बताना है। कार्यक्रम में विभिन्न शाखाओं के विभाग अध्यक्षों ने अपना वक्तव्य दिया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने स्टूडेंट्स का वेलकम किया और अकेडमिक व एक्स्ट्रा कैरिकुलर फील्ड में कॉलेज की अचीवमेंट्स के बारे में बताया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संस्थान की विभिन्न सुविधाओं, संसाधनों बस पास, लाइब्रेरी फैसिलिटीज, स्कॉलरशिप्स, प्लेसमेंट सेल और कॉलेज में ऑब्जर्व किए जाने वाले विभिन्न डूज एंड डॉन्ट्स के बारे में बताया गया। यह जानकारी संस्थान के मीडिया इंचार्ज सोहन शर्मा ने दी। इस मौके पर सभी शाखाओं के विभाग अध्यक्ष एवं स्टॉफ मेंबर मौजूद रहे।

**Name of Activity:** **Orientation Program for First Year Students.**

**Date:** 30/07/2026 to 04/08/2026 **Session: 2026-2027**

**Organised by: Applied Science Department**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)








## राजकीय पॉलीटैक्निक शेरगढ़ में एक पेड़ मां के नाम अभियान, 100 पौधे लगाने का लक्ष्य

कैथल, 24 जुलाई (महीपाल): राजकीय पॉलीटैक्निक शेरगढ़, कैथल में भारत सरकार के राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान 5 जून, 2026 से 30 सितम्बर, 2026 तक संचालित किया जा रहा है।

पौधारोपण करते हुए स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी। (छाया)

संस्थान के प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह अहलावत ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सामूहिक भागीदारी के माध्यम से देश के हरित आवरण को बढ़ाना है।

अभियान के तहत लोगों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को अपनी मां के नाम कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसके पूर्ण वृक्ष बनने तक उसकी उचित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस अभियान की जिम्मेदारी सिविल इंजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष ममता को सौंपी गई है। अभियान में अन्नू, प्रवीन पानड़ और सुरेंद्र ने भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

ममता ने बताया कि प्रधानाचार्य के निर्देशानुसार संस्थान भवन की पूर्व दिशा में स्थित लगभग 1100 वर्ग गज खाली भूखंड में करीब 100 पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा एवं देखभाल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

मीडिया प्रभारी सोहन शर्मा ने बताया कि संस्थान का कोई भी स्टाफ सदस्य या विद्यार्थी स्वेच्छा से पौधे लगाने और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी लेकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकता है।


संस्थान प्रशासन एवं सभी विभागाध्यक्षों ने शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों से इस पवित्र पर्यावरण संरक्षण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

**Name of Activity:** **Plantation Program**

**Date:** 23/07/2026 **Session:** **2026-2027**

**Organised by: O/I Horticulture**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)















**Name of Activity:** **Yoga Day Celebrate at home**

**Date:** 21/06/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: O/I Cultural Activity**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)











## राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज शेरगढ़ में लगाया योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर

कैथल | 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों के तहत आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, शेरगढ़ में सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक विवेक कुमार, सर्जन सिंह और संदीप चहल ने प्रतिभागियों को सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, भद्रासन, वज्रासन, शशांकासन, भुजंगासन और मकरासन का प्रशिक्षण दिया। प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह अहलावत ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है और स्वस्थ जीवन का आधार है। कार्यक्रम में प्रदीप कुमार, सुरेंद्र लाठर, दीपक पुनिया, सोहन शर्मा सहित स्टाफ सदस्यों ने सहयोग किया।



## राजकीय पालिटेक्निक में योग शिविर का आयोजन

**Name of Activity:** YOGA PROTOCOL SHIVIR

**Date:** 05/06/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: ELECTRICAL ENGG. DEPARTMENT**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)














राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर राजकीय बहुतकनीकी संस्थान शेरगढ़ में लगी प्रोजेक्ट प्रदर्शनी

## 17 तकनीकी प्रोजेक्ट्स का किया प्रदर्शन, इको जॉय स्फीयर रहा प्रथम

शेरगढ़ में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ

**Name of Activity:** **National Technology Day Celebration**

**Date:** 12/05/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)






**Name of Activity** Participate in Quiz Competion at PIET (Panipat) by final year students of GP Shergarh

**Date:** 28/04/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)









## विद्यार्थियों ने किया पावर ग्रिड का शैक्षिक भ्रमण

पावन ग्रिड का भ्रमण करते राजकीय पालिटेक्निक कालेज के विद्यार्थी। • पीआरओ

जासं • कैथल : राजकीय पालिटेक्निक के विद्युत (इलेक्ट्रिकल) शाखा के चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह अहलावत की अनुमति व विभाग अध्यक्ष संजय कुमार मोदगिल व रोजगार प्रशिक्षण अधिकारी राजेश चोपड़ा के सहयोग से पावर ग्रिड कैथल का शैक्षणिक भ्रमण किया। संस्थान के मीडिया इंचार्ज सोहन शर्मा ने बताया कि भ्रमण के दौरान पावर ग्रिड के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विद्युत प्रसारण प्रणाली की कार्यप्रणाली, ग्रिड प्रबंधन, सब-स्टेशन उपकरणों तथा सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**Name of Activity** Industrial Visit of Power Grid 400KV/220KV Khanpur Kaithal for 4th Semester Students of Electrical Engg.

**Date:** 28/04/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: Electrical Engg.**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)









दैनिक सवेरा

## राजकीय पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने किया पावर ग्रिड कैथल का शैक्षणिक भ्रमण

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र। (सतीश भराड़ा)

**सवेरा न्यूज/प्रदीप हरित कैथल:** राजकीय पॉलिटेक्निक के विद्युत शाखा के छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह अहलावत की अनुमति और विभाग अध्यक्ष संजय कुमार मौदगिल व रोजगार प्रशिक्षण अधिकारी राजेश चोपड़ा के सहयोग से पावर ग्रिड कैथल का शैक्षणिक भ्रमण किया। संस्थान के मिडिया इंचार्ज सोहन शर्मा ने बताया कि भ्रमण के दौरान पावर ग्रिड के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विद्युत प्रसारण प्रणाली की कार्यप्रणाली, ग्रिड प्रबंधन, सब-स्टेशन उपकरणों तथा सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने ट्रांसफॉर्मर, सर्किट ब्रेकर, कंट्रोल रूम तथा अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों का अवलोकन किया और उनके संचालन को समझा। इस अवसर पर पावर ग्रिड के डिप्टी जनरल मैनेजर तलविंदर कुमार, चीफ मैनेजर अभिषेक शर्मा, इंजीनियर अभिषेक आर्य तथा अन्य स्टाफ सदस्य लोकेश मीणा, शीतल कुमार, सचिन तिवारी, रविकांत यादव, भारत भूषण एवं कमल किशोर का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ संस्थान के स्टाफ सदस्य प्रदीप सिंह एवं आनंद कुमार उपस्थित रहे।

**Name of Activity:** Industrial Visit of Power Grid 400KV/220KV Khanpur Kaithal for 6$^{th}$ Semester Students of Electrical Engg.

**Date:** 24/04/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: Electrical Engg.**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)







## राजकीय पॉलिटैक्निक शेरगढ़ में नकल रोको अभियान की शुरुआत

कैथल, 23 अप्रैल (महीपाल): राजकीय पॉलिटैक्निक शेरगढ़, कैथल में आगामी मई-जून 2026 की परीक्षाओं को निष्पक्ष और नकल रहित बनाने के उद्देश्य से "नकल रोको अभियान" का शुभारंभ किया गया।

यह अभियान हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड के दिशा-निर्देशों के तहत चलाया जा रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य कुलबीर सिंह अहलावत ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य परीक्षा प्रणाली की शुचिता बनाए रखना और छात्रों में ईमानदारी की भावना विकसित करना है।

इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी दीपक पुनिया ने छात्रों को परीक्षा के दौरान क्या करें और क्या न करें के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनुचित साधनों का प्रयोग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह छात्र के भविष्य को भी प्रभावित करता है। वहीं वरिष्ठ प्राध्यापक सोहन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नकल करने से आत्मविश्वास कमजोर होता है और विद्यार्थी अपने ज्ञान पर भरोसा नहीं कर पाते।

उन्होंने छात्रों को ईमानदारी के साथ परीक्षा देने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बच्चों को जागरूक करते स्टाफ सदस्य।



## परीक्षाओं को नकल रहित बनाने के लिए अभियान शुरू

कैथल | राजकीय पॉलिटेक्निक शेरगढ़ में मई-जून 2026 की परीक्षाओं को शुचितापूर्ण और नकल रहित बनाने के लिए नकल रोको अभियान की शुरुआत की है। संस्थान के प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह अहलावत ने बताया कि यह कदम हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड के निर्देशों के अनुपालन में उठाया गया है। परीक्षा प्रभारी वरिष्ठ प्राध्यापक दीपक पुनिया और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग प्रवक्ता सोहन शर्मा ने इस अभियान के दौरान हित धारकों (छात्रों और स्टाफ) को संबोधित किया। इस अभियान का उद्देश्य परीक्षाओं के दौरान नकल को पूरी तरह से रोकना और कॉपी-फ्री वातावरण सुनिश्चित करना है। दीपक पुनिया ने परीक्षाओं के दौरान क्या करें और क्या न करें के बारे में जानकारी दीं। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं समस्त संस्थान के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**Name of Activity:** **Anti Cheating Campaign**

**Date:** 22/04/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by:** **O/I Exam**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)









## पॉलीटेक्निक में विद्यार्थियों को अधिकारों के बारे बताया

कैथल | राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान शेरगढ़ में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कानूनी साक्षरता विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया। प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह अहलावत के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर सेल ने किया गया, जिसकी अगुवाई नोडल अधिकारी शालिंद्र मोर व सोहन शर्मा ने की। कार्यक्रम में जिला न्यायालय कैथल एवं उच्चतम न्यायालय के प्रख्यात अधिवक्ता पुनीत चौधरी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आज के समय में तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ कानूनी ज्ञान होना भी बेहद आवश्यक है। प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह अहलावत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें एक जागरूक नागरिक के रूप में समाज में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं।

**Name of Activity:** Expert Lecture on the Topic “ Legal Literacy”By Sh.Puneet Chaudhary(Advocate District Court Kaithal) for final year students .

**Date:** 16/04/2026 **Session:** **2025-2026**

## Organised by: Atamnirbhar Cell

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)






**Name of Activity:** Expert Lecture on the Topic **“** Role of Renewable Energy Sources in Indian Energy Sources”By Sh. Satvinder Singh, Assistant Professor, Department of Electrical Engg. ( JC BOSE University YMCA Faridabad, Haryana) for $4^{th}$ & $6^{th}$ semester students of Electrical Engg.

**Date:** 13/04/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: Electrical Engg.**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)









**मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष व्याख्यान का आयोजन**

कैथल, 10 अप्रैल (महीपाल): राजकीय पॉलीटैक्निक शेरगढ़ (कैथल) के प्रांगण में आज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और मानसिक सुदृढ़ता के लिए 'मानसिक स्वास्थ्य का महत्व' विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के प्रधानाचार्य कुलबीर सिंह अहलावत के कुशल मार्गदर्शन एवं कॉलेज स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्ष नीरू ढुल एवं सोहन शर्मा के नेतृत्व में किया गया। सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य कुलबीर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि एक स्वस्थ मस्तिष्क ही उज्ज्वल भविष्य और बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन की नींव रखता है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. प्रभाकर पुरी ने छात्रों को मानसिक तनाव से बचने, एकाग्रता बढ़ाने और संतुलित जीवनशैली अपनाने के बहुमूल्य सुझाव दिए। नीरू ढुल ने दैनिक जीवन में स्वच्छता और बेहतर स्वास्थ्य आदतों के तालमेल पर जोर दिया, जिससे मानसिक शांति प्राप्त की जा सके।

संस्थान के मीडिया प्रभारी सोहन शर्मा ने बताया कि संस्थान समय-समय पर इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है ताकि तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का मानसिक व सामाजिक स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहे। व्याख्यान में सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर, इलैक्ट्रिकल और एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, स्टाफ सदस्य और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बच्चों के साथ स्टाफ सदस्य। (सोम)

**Name of Activity:** Expert Lecture on the Topic " Mental Health"By Dr. Parbhakar Puri ( Ayurvedik BAMS, Puri Health Cente, Kaithal) for students.

**Date:** 10/04/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: O/I Health**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)






**Name of Activity:** Expert Lecture on the Topic **"** Transformer: From Fundamental to Adavanced Applications "By Dr. Deepak Garg (Principal of OM Sterling Global University Hisar) for 4th & 6th semester students of Electrical Engg.

**Date:** 06/04/2026 **Session: 2025-2026**

**Organised by: Electrical Engg.**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)






**Name of Activity:** Workshop on Career opportunities, Interview preparation strategies and Industry expectation.By Sh.Mewa Singh (Marketing Manager of OM Sterling Global University Hisar) for 6$^{th}$ semester students of all branches.

**Date:** 06/04/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)










**Name of Activity:** Hands on Industrial workshop by Eicher motors at NIILM University kaithal for Mechanical Engg. Students.

**Date:** 02/04/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)









**Name of Activity:** Expert Lecture on the Topic “ Latest Scenario in industries and growth opportunities for Diploma Holders” by Sh.Sanjeev Kumar HR, Subros Ltd. for Electrical ,Mechanical and Civil Engg.  $6^{th}$ Semester students.

**Date:** 24/03/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by:** **TPO**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)







**Name of Activity:** Campus Placement Drive In Association with **"ISGEC HEAVY ENGG.LTD YAMUNANAGAR"** for Mechanical Engg. Students.

**Date:** 18/03/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)





VIRTUAL CAMPUS DRIVE
DAIKIN AIRCONDITIONING INDIA PVT. LTD. (17.03.2026)
Eligible: Mechanical Engg./ Electrical Engg

| Electrical Engg. | | | |
|---|---|---|---|
| S.N | Roll No | Name | Remarks |
| 1 | 232150900001 | Aditya | Selected |
| 2 | 232150900007 | Amarnath | Selected |
| 3 | 232150900020 | Harsh | Selected |
| 4 | 232150900024 | Kajal | Selected |
| 5 | 232150900025 | Karan Singh | Selected |
| 6 | 232150900030 | Nakul | Selected |
| 7 | 232150900038 | Preeti | Selected |
| 8 | 232150900039 | Prince | Selected |
| 9 | 232150900040 | Prince | Selected(can join after student turns 18) |
| 10 | 232150900041 | Rajat Mor | Selected |
| 11 | 232150900059 | Udhav Saini | Selected |
| 12 | 232150924002 | Aashish | Selected |

| Mechanical Engg. | | | |
|---|---|---|---|
| S.N | Roll No | Name | Remarks |
| 1 | 232151700025 | Nitin Kumar | Selected |
| 2 | 232151700034 | Ritesh | Selected |
| 3 | 232151700042 | Sunny | Selected(can join after student turns 18) |
| 4 | 232151700044 | Sushil | Selected |
| 5 | 232151724007 | Lalit | Selected |
| 6 | 232151700003 | Ajay | Selected |
| 7 | 232151724010 | Rakesh | Selected |
| 8 | 232151700037 | Sandeep | Selected |
| 9 | 232151724014 | Tushar | Selected |
| 10 | 232151700008 | Anuj Ram | Selected |
| 11 | 232151724001 | Aditya Singh | Selected |

Salary Package: 1st Year: 2.58 LPA 2nd year: 3.03 LPA

TARINING AND PLACEMENT CELL
GOVT.POLYTECHNIC SHERGARH KAITHAL
Email Id: tpo.gpshergarh@gmail.com





**Name of Activity:** Virtual Campus Placement Drive In Association with **"Daikin Air Conditioning"** for Electrical and Mechanical Engg. Students.

**Date:** 17/03/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH( KAITHAL)





**Name of Activity:** Participate in Inter Polytechnic Games

**Date:** 17/03/2026 **Session: 2025-2026**

**Organised by: O/I Sports**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH( KAITHAL)






**Name of Activity:** Industrial Visit of sewage Treatment Plant (Kaithal)with 4th sem Civil Engg. students

**Date:** 17/03/2026 **Session: 2025-2026**

**Organised by: Civil Engg. Department**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)









**Name of Activity:** Campus Placement Drive In Association with **“Pisoft Informatics India Pvt. Ltd. Mohali ”** for Computer Engg. Students.

**Date:** 11/03/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)









11.03.2026

## राजकीय पॉलिटेक्निक शेरगढ़ (कैथल) में AI/ML विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

राजकीय पॉलिटेक्निक, शेरगढ़ (कैथल) में कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों के लिए **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग** (AI/ML) विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता **Pisoft Informatics India Pvt. Ltd., मोहाली** के **Vice President श्री हरीश चावला** थे। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी प्रगति तथा आईटी क्षेत्र में AI/ML के बढ़ते उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञ ने बताया कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का उपयोग स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, कृषि तथा विभिन्न डिजिटल सेवाओं में तेजी से बढ़ रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न हो रहे हैं।

इस अवसर पर संस्थान के **प्रधानाचार्य श्री कुलवीर सिंह अहलावत** ने कहा कि इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यान छात्रों को उद्योग से जुड़ी नवीनतम तकनीकों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान का प्रयास है कि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त हो, जिससे वे भविष्य में उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम बन सकें। **कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र सिंह मलान** ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों की तकनीकी समझ और व्यावहारिक क्षमता में वृद्धि होती है। **श्री राजेश चोपड़ा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर** ने बताया कि संस्थान समय-समय पर विभिन्न उद्योग विशेषज्ञों को आमंत्रित करता रहता है ताकि छात्रों को वास्तविक औद्योगिक वातावरण और नवीनतम तकनीकों की जानकारी मिल सके।

TRAINING AND PLACEMENT CELL
GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH KAITHAL
Email Id: tpo.gpshergarh@gmail.com

**Name of Activity:** **Expert Lecture on the Topic " Artificial Inteligence And Machine learning by vice President of Pisoft Informatics India Pvt. Ltd. Mohali** for Computer Engg. Students.

**Date:** 11/03/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: Computer Engg. Department**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)













भाषण प्रतियोगिता में प्रिया प्रथम स्थान पर रही

कैथल | राजकीय पॉलिटेक्निक शेरगढ़ में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह अहलावत के मार्गदर्शन व सांस्कृतिक इकाई के अध्यक्ष दीपक पुनिया के नेतृत्व में हुआ। निर्णायक मंडल में संजय कुमार मौदगील, अमित गुप्ता और ममता कटारिया शामिल रही। उन्होंने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, उच्चारण और विषय वस्तु के आधार पर विजेताओं का चयन किया। संस्थान के मीडिया प्रभारी सोहन शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रिया सिविल अभियांत्रिकी प्रथम रही, प्रिंसि ढांडा सिविल अभियांत्रिकी द्वितीय रही।

**Name of Activity:** **Declamation Contest**

**Date:** 11/03/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by:** **O/I Cultural Activity**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)









**राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में पौधारोपण: पावर ग्रिड और कॉलेज ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

कैथल, 11 मार्च (महीपाल): पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ आज पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की पहल से गवर्नमैंट पॉलिटेक्निक शेरगढ़, कैथल के प्रांगण में एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह पौधरोपण पावर ग्रिड की ओर से मुख्य रूप से मुनीश गुप्ता (डिप्टी जनरल मैनेजर एवं ईचार्ज, कैथल स्टेशन) के निर्देशन में भारत भूषण (जे.ई. स्टेशन) के नेतृत्व में सपन्न हुआ। संस्थान की ओर से प्रधानाचार्य कुलबीर सिंह अहलावत ने अतिथियों का स्वागत किया और इस नेक कार्य में अपनी टीम के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई।

संस्थान के मिडिया ईचार्ज सोहन शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान कॉलेज परिसर के विभिन्न हिस्सों में लगभग 30 छायादार पौधे लगाए गए। पावर ग्रिड के अधिकारियों ने जोर दिया कि विकास के साथ-साथ प्रकृति का संतुलन बनाए रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। प्रधानाचार्य कुलबीर सिंह अहलावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना और उन्हें वृक्ष बनाना भी जरूरी है। इस कार्यक्रम में कॉलेज के स्टाफ और विद्यार्थियों ने भी बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और भविष्य में भी ऐसे प्रकृति-हितैषी कार्यों से जुड़ने का संकल्प लिया।

पौधारोपण करते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य (छाया)

**Name of Activity:** **Plantation Program organised by Powergrid 400/220 KV center Kaithal**

**(30 Plants Champa)**

**Date:** 11/03/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by:** **Powergrid 400/220 KV center Kaithal**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)





VIRTUAL CAMPUS PLACEMENT DRIVE
DANA ANAND INDIA PVT. LTD. (10.03.2026)
Eligible: Mechanical/Electrical/Computer/Civil Engg

SELECTED STUDENTS (17.03.2026)

| Electrical Engg. | | |
|---|---|---|
| S.N | Roll No | Name |
| 1 | 232150900049 | Sachin |
| 2 | 232150900059 | Udhav Saini |
| 3 | 232150900009 | Ankit |
| 4 | 232150924018 | Yogesh |
| 5 | 232150924014 | Rohan |
| 6 | 232150900035 | Pardeep |
| 7 | 232150900045 | Ravi |
| 8 | 232150924010 | Mohit |

| Civil Engg. | | |
|---|---|---|
| S.N | Roll No | Name |
| 1 | 232150700042 | Sonu |
| 2 | 232150700051 | Vishal |
| 3 | 232150700038 | Sanjay |


| Computer Engg. | | |
|---|---|---|
| S.N | Roll No | Name |
| 1 | 232150800008 | Bindu |
| 2 | 232150800027 | Nikki Rani |
| 3 | 232150800045 | Saloni |
| 4 | 232150800047 | Sheetal |
| 5 | 232150800016 | Keshav |
| 6 | 232150824001 | Abhay Sharma |
| 7 | 232150824006 | Lakshay Sharma |
| 8 | 232150824008 | Parveen |
| 9 | 232150800023 | Mukhe |
| 10 | 232150824013 | Sakina |
| 11 | 232150824011 | Rohit |
| 12 | 232150800036 | Rakesh |
| 13 | 232150800043 | Ruchi Rani |
| 14 | 232150800040 | Ritu |

CTC: 224347/-

Total selection: 26

TARINING AND PLACEMENT CELL
GOVT.POLYTECHNIC SHERGARH KAITHAL
Email Id: tpo.gpshergarh@gmail.com





**Name of Activity:** Virtual Campus Placement Drive In Association with **"Dana Anand Pvt. Ltd. "** for Computer ,Electrical ,Mechanical and Civil Engg. Students.

**Date:** 10/03/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)






**Name of Activity:** Campus Placement Drive In Association with **" Alpha IT Managed IT Service Pvt. Ltd. Mohali"** for Computer Engg. Students.

**Date:** 09/03/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)










**Name of Activity:** **Expert Lecture on the Topic " Real world on exposure to AI and Data Science by Alpha IT Managed IT Service s Pvt Ltd. Mohali for 2nd and 4th Semester students.**

**Date:** 09/03/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: Computer Engg. Department**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)









**Name of Activity:  Post Budget  Webinar   2026-27(Education of Ministry)**

**Date:** 09/03/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by:    Electrical Engg. Department**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)








**Name of Activity:** **4th Annual Athletic Meet**

.

**Date:** 27/02/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: O/I Sports**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)

| | | |
|---|---|---|
|  |  |  |
|  |  |  पॉलिटेक्निक संस्थान में वार्षिक दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू<br>सवेरा न्यूज/प्रदीप हरित कैथल : राजकीय बहुतकनीकी संस्थान शेरगढ़ में दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के कार्यकारी प्रधानाचार्य एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार मोदगिल ने किया। सभी विभाग अध्यक्षों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उक्त जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी सोहन शर्मा ने दी। यह कार्यक्रम कंप्यूटर विभाग के अध्यक्ष सुरेंद्र मल्हान के नेतृत्व में हो रहा है। खेल-कूद के इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि आज 100 मीटर लडकों एवं लड़कियों की, 800 मीटर, शॉट पुट लडकों एवं लड़कियो एवं लॉन्ग जम्प में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी विधार्थी, शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे। |

**Name of Activity:** **$4^{th}$ Annual Athletic Meet**

**Date:** 26/02/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: O/I Sports**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)








**Name of Activity:    Expert Lecture on  Field Experience  In Public Health Department    Motivation And Carrier Counseling For Students**


**Date:** 25/02/2026 **Session: 2025-2026**

**Organised by:    Civil Engg. Department**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)










## राजकीय पॉलीटैक्निक में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित

कैथल, 23 फरवरी (महीपाल): राजकीय पॉलीटैक्निक शेरगढ़ कैथल में विद्यार्थियों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर का सफल आयोजन प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह अहलावत के मार्गदर्शन और प्लेसमैंट सैल अधिकारी राजेश चोपड़ा के नेतृत्व में किया गया।

संस्थान के मीडिया इंचार्ज सोहन शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम को अशोक लेलैंड ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, कैथल के सहयोग से आयोजित किया गया, जोकि हरियाणा सरकार के परिवहन विभाग के संयुक्त उपक्रम के अंतर्गत कार्यरत है।

इस जागरूकता शिविर के मुख्य वक्ता पुनीत धीमान, प्रबंधक (प्रशिक्षण एवं सड़क सुरक्षा), अशोक लेलैंड ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, कैथल रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों का पालन करने, हैल्मेट एवं सीट बैल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा यातायात संकेतों के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी भी है।

इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना को सुदृढ़ करते हैं।


कार्यक्रम में बच्चों के साथ स्टाफ सदस्य। (स्केह)

**Name of Activity:** **Road Safety Awareness Camp**

**Date:** 23/02/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)








**Name of Activity:** Campus Placement Drive In Association with **"Chandigarh Power Distribution limited"** for Electrical Engg. Students.

**Date:** 11/02/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH (KAITHAL)






**Name of Activity :** **Admission Campaign**

GSSS Baba Ladana , GSSS Sirta , GSSS Sanghan

**Date:** 10/02/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: Admission Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH( KAITHAL)






**Name of Activity:** Expert Lecture on the Topic“Fundamental concept and skills required for Mechanical Engg. Diploma holders” for 2nd Sem mechanical Engg.Students.

**Date:** 10/02/2026 **Session: 2025-2026**

**Organised by: Mechanical Engg. Department**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)

| | |
|---|---|
|  |  |
|  |  |

**Name of Activity:** Pool Campus Placement Drive **(GP Shergarh, GP Narwana , GP Cheeka , GP Umri)** In Association with **“Motherson” Sumi Wiring india Ltd.** for Electrical , Mechanical and Electronics Engg. Students.

**Date:** 09/02/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH ( KAITHAL)










**Name of Activity:** Campus Placement Drive In Association with **"NAVITASYS"** for Electrical , Mechanical and Computer Engg. Students.

**Date:** 06/02/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH (KAITHAL)






**Name of Activity :** **Admission Campaign**

**Gyarh Rudri Sr. Sec. Kaithal**

**Date:** 06/02/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by:** **Admission Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH (KAITHAL)










**Name of Activity :** **Admission Campaign**

Govt. High School Number 4 kaithal , Govt. Sr. Sec School Patti Afghan Kaithal

Govt. Sr. Sec. School Khurana

**Date:** 05/02/2026 **Session: 2025-2026**

**Organised by: Admission Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH (KAITHAL)









**कार्यशाला में एआई व कॅरियर तैयारी पर दी जानकारी**

कैथल | गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक शेरगढ़ में अंतिम वर्ष के छात्रों के तकनीकी ज्ञान और रोजगार कौशल को निखारने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला संस्थान के प्राचार्य कुलबीर सिंह अहलावत के मार्गदर्शन एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी राजेश चोपड़ा की अध्यक्षता में मेधा संस्था के सहयोग से आयोजित की। कार्यशाला का मुख्य विषय फाउंडेशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कॅरियर की तैयारी रहा। संस्थान के मीडिया प्रभारी सोहन शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में छात्रों को फाउंडेशन एआई की जानकारी दी, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निंग की बुनियादी समझ, विभिन्न उद्योगों में एआई के उपयोग व जेनरेटिव एआई टूल्स जैसे चैट पीजीटी और जेमिनी का परिचय कराया गया। इसके साथ ही मानव और एआई के सहयोग व इसकी सीमाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला के दूसरे सत्र में कॅरियर और रोजगार कौशल पर फोकस किया गया। इसमें छात्रों को स्मार्ट गोल सेटिंग, स्वॉट एनालिसिस के माध्यम से आत्म-मूल्यांकन, एआई टूल्स की सहायता से प्रभावी रिज्यूम तैयार करना और मॉक इंटरव्यू की तैयारी संबंधी जानकारी दी।

**Name of Activity:** One day Workshop organised by **Medha** for final year students on the Topic of **Foundational Artificial Intelligence (AI) and Carrer Preparation & Employability Skills.**

**Date:** 03/02/2026 **Session:** **2025-2026**


**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH ( KAITHAL)









**Name of Activity:** Campus Placement Drive In Association with **"BIRLA OPUS"** Only For Girls Students Electrical And Mechanical Engg.

**Date:** 03/02/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH (KAITHAL)











**Name of Activity :** Institute Visit by students of Govt. Sr. Sec. School Chandana Kaithal


**Date:** 02/02/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by:** **TPO Cell**




**https://youtu.be/jfgAhlWTJpg?si=WrE7q4-kyA8gcN9J**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH( KAITHAL)












गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक शेरगढ़ के 65 छात्राओं का नामी कंपनियों में चयन

कैथल | गवर्नमेंट. पॉलिटेक्निक शेरगढ़ के 65 छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में में चयन हुआ। संस्थान के प्रधानाचार्य कुलबीर सिंह अहलावत ने बताया कि छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कॉलेज प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी राजेश चोपड़ा ने बताया कि चयनित छात्र छठे सेमेस्टर की परीक्षा के बाद अपनी-अपनी कंपनियों में कार्यभार ग्रहण करेंगे। संस्थान के मीडिया प्रभारी सोहन शर्मा ने बताया कि 19 छात्रों का रेन स्ट्रीम सिस्टम में, 38 छात्रों का एस्कॉर्ट कुबोटा फरीदाबाद और 8 छात्रों का चयन ऑन जॉब स्वराज मोहाली में हुआ।



गवर्नमैंट पॉलिटैक्निक शेरगढ़ के 65 छात्रों ने रचा इतिहास, नामी कंपनियों में चयन

कैथल, 2 फरवरी (महीपाल/गौरव): गवर्नमैंट पॉलिटैक्निक शेरगढ़ के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 'कैंपस प्लेसमैंट ड्राइव' के दौरान विभिन्न ट्रेडों के 65 होनहार छात्रों का देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है। इस शानदार सफलता से पूरे कॉलेज परिसर में खुशी का माहौल है।

संस्थान के प्रधानाचार्य कुलबीर सिंह अहलावत ने बताया कि छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कॉलेज प्रशासन लगातार प्रयासरत है।

इसी कड़ी में आयोजित प्लेसमैंट ड्राइव में कई नामी कंपनियों ने हिस्सा लिया। छात्रों की लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद, उनकी तकनीकी दक्षता को देखते हुए 65 विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

छात्रों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और संस्थान के शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट अधिकारी राजेश चोपड़ा ने बताया कि चयनित छात्र 6वें सेमेस्टर की परीक्षा के उपरांत अपनी-अपनी कंपनियों में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

संस्थान के मीडिया प्रभारी सोहन शर्मा ने बताया कि 19 छात्रों का चयन प्रतिष्ठित कंपनी राणे स्टीयरिंग सिस्टम लिमिटेड, 38 छात्रों का चयन एस्कॉर्ट कुबोटा फरीदाबाद एवं 8 छात्रों का ऑन जॉब स्वराज मोहाली की कंपनी में चयन हुआ।

प्रधानाचार्य ने सभी चयनित छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह उपलब्धि कनिष्ठ छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस तरह के प्लेसमैंट ड्राइव का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाता रहेगा।

विद्यार्थियों के साथ स्टाफ सदस्य। (छाया)

**Name of Activity:** **Virtual campus Drive for batch 2023-2026 Mechanical and Electrical Engg students ( ESCORT KUBOTA FARIDABAD)**

**Date:** 28/01/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: TPO Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH (KAITHAL)







**Name of Activity :** **Admission Campaign**

Govt. High School Titram , Govt. Sr. Sec School Peoda ,Govt. Sr. Sec School Deoban

**Date:** 20/01/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: Admission Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH (KAITHAL)






**Name of Activity :** **Admission Campaign**

**Govt. Girls Sr. Sec School Kaithal,Govt. Girls Sr. Sec. School Jakholi Adda**

**Date:** 21/01/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by:** **Admission Cell**

# GOVT. POLYTECHNIC SHERGARH( KAITHAL)








**कला व रचनात्मकता के माध्यम से प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताए**

कैथल | शेरगढ़ के राजकीय पॉलिटेक्निक में सोमवार को प्रदूषण के विरुद्ध पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता करवाई गई। यह कार्यक्रम संस्थान के प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह अहलावत व अन्नू की देखरेख में संपन्न हुआ। संस्थान के मीडिया प्रभारी सोहन शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य विषय वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना रखा गया था। प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला व रचनात्मकता के माध्यम से प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के दौरान बनाए गए पोस्टरों में पर्यावरण पर प्लास्टिक से होने वाले नुकसान, जैव विविधता पर इसके प्रभाव व प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया। प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह अहलावत ने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और प्लास्टिक मुक्त भविष्य के निर्माण का संदेश दिया।




**Name of Activity:** **Poster making competition as per directions of Haryana State Pollution Control Board**

**Theme of the competition** **"Ending Plastic Pollution Globally"**

**Date:** 19/01/2026 **Session:** **2025-2026**

**Organised by: O/I Cultural Activity**

# GOVT. POLYTECHNIC  SHERGARH( KAITHAL)







**Name of Activity: स्वामी विवेकानंद जी की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस ) पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन**

**Date:** 12/01/2026 **Session: 2025-2026**

**Organised by: O/I Sports**